हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

सरगुजा में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित समिति में अपर कलेक्टर प्रताप विजय खेस को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अजाक थाना अम्बिकापुर के उप पुलिस अधीक्षक को पदेन सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी संतोष कुमार कंवर को अनुसूचित जनजाति वर्ग से, सहायक प्राध्यापिका ममता कुर्रे को अजा वर्ग से तथा परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य बनाया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को पदेन सदस्य सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

जिले में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 8 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में 14 एवं 15 अक्टूबर को खनिज अमले द्वारा अंबिकापुर एवं सीतापुर क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना अभिवहन पास के खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर और पांच ट्रैक्टर सहित कुल आठ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर वाहनों को जब्त कर कलेक्टर परिसर अंबिकापुर में रखा गया है, जब्त वाहनों में सीजी 15 ईके 4164 टीपर वाहन मालिक अभिषेक वर्मा, सीजी 15 ईके 2457 वाहन मालिक सुमित गुप्ता, सीजी 15 डीएन 7006 वाहन मालिक सी.पी. शुक्ला शामिल है। वहीं, पांच ट्रैक्टरों के खिलाफ अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जप्त कर सीतापुर थाना परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है, जिसमें सीजी 15 एसी 1242 ट्रेक्टर वाहन मालिक चन्द्रमणी सिंह, महेन्द्रा शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव, सोनालिका शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक शंकर खलखो, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक दाउत लकड़ा, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव शामिल है।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा कला निवासी अक्ष्य कुमार साहू आ. रामाशंकर साहू (20 वर्ष) 14 अक्टूबर को दोस्त दिनेश यादव के साथ बाइक से घूमने निकला था। शाम 6 बजे परिजन फोन किए तो युवक ने ग्राम बिनकरा में बाइक का पंचर बनवाने की बात बताई। कुछ समय बाद 7.30 बजे तीन युवक ने अक्ष्य के घर आकर परिजन को बताया कि अक्ष्य का एक्सीडेंट हो गया है। इसी बीच गांव के गोलू साहू ने अक्ष्य को घायल अवस्था में उसके घर छोड़ा। युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन उसे संजीवनी 108 से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के अनुपालन में जशपुर जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।

महाआरती के बाद रात में लोग गरबे का आनंद ले रहे

नवरात्र में मां भगवती की भक्ति में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

श्रद्धालु द्वारा शारदीय नवरात्र में माता रानी की पूजा अर्चना कर उपस्थिति दर्ज करा रहे इन दिनों शहर में भक्ती का माहौल इस कदर बढ़ा है कि जहां पूरे दिन पूजा-पाठ करने के बाद दोपहर में भंडारा और रात होते ही लोग गरबा कार्यक्रम में शामिल होकर आनंद उठा रहे हैं। वहीं जब से नवरात्र शुरू हुआ है, तब से लोग सुबह से ही माता के दरबार में पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। साथ ही शाम होते ही माता के महाआरती के समय भक्तों की संख्या काफी बढ़ जा रही है, हालांकि मंदिर समिति द्वारा पहले से ही विशेष तैयारी की गई है, जिसके चलते भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। श्रद्धालु अपने परिवार के सुख-समृद्धि के लिए माता की अराधना में जुटे हैं।

भक्तिमय बना हुआ है माहौल

उल्लेखनीय है कि जब से नवरात्र पर्व शुरू हुआ है तब से देवी के पंडाल में भक्त माता के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंच रहे हैं। ऐसे में भक्तों का कहना है कि नवरात्र के नौ दिन बहुत खास होता है। यही कारण है कि इन दिनों पूरा माहौल भक्तिमय नजर है। साथ ही ज्यादातर लोग सुबह-शाम माता के दरबार में पहुंच कर आरती का लाभ उठा रहे हैं। वहीं नवरात्र के दिनों में माता का संगीतमय आरती हो रही है, जहां आसपास के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे पहुंच रहे हैं और पूजा-पाठ के बाद ज्योत दर्शन कर माता का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।





गरबा का चल रहा आयोजन शहर में जगह-जगह गरबा का भी कार्यक्रम चल रहा है, जिससे रात होते ही महिला-पुरुष विशेष परिधान धारण कर माता के गरबा करते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में युवाओं का कहना है कि गरबा को लेकर इनमें विशेष उत्साह बना हुआ है, जिसके चलते नवरात्र के पहले से ही तैयारियों में जुट गए थे। जहां शहरवासी मंदिरों में पूजा-पाठ करने के बाद देर रात तक आनंद उठा रहे हैं।

शिक्षक ने किया हिंदू देवताओं और ऋषियों पर आपत्तिजनक पोस्ट



जशपुरनगर। सोशल मीडिया पर हिंदू देवताओं और ऋषियों को लेकर शिक्षक के आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। नवरात्रि के पावन पर्व पर पोस्ट को लेकर हिंदू समाज में खासी नाराजगी है। मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह ने कुनकुरी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कांसाबेल विकासखंड के बिहाबाल का रहने वाला शिक्षक हेमंत बेदी बगीचा विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला कुदमुरा में पदस्थ है। शिक्षक हेमंत बेदी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदू देवताओं और ऋषियों के संबंध में आपत्तिजनक पोस्ट की गई है।शिक्षक द्वारा किये गए पोस्ट के वायरल होने के बाद जिले भर में आक्रोश है।

संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह ने इस मामले में कुनकुरी थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है और संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के बाद पुलिस अब इस मामले में जांच में जुट गई है।

गरबा महोत्सव के छठवें दिन भक्ति और उल्लास में झूमा नगर





जशपुरनगर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नारायण जनकल्याण समिति की ओर से बालाजी ग्राउंड बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव के छठवें दिन की छटा देखते ही बन रही थी। मां के जयकारों और गरबा की थाप पर पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अभय सोनी, रामनिवास अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल,महेंद्र कुमार अग्रवाल, कमल दुबे, जिमी सोनी और कुमुद वस्त्रालय से समस्त प्रायोजकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

छठवें दिन की शाम सुरों के नाम रही। बिलासपुर की प्रसिद्ध गायिका नेहा पांडे ने जब भजन प्रस्तुत किए तो पूरा पंडाल झूम उठा। रायपुर से आए अमन अग्रवाल और रांची से आए अभिषेक उन्नी ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।स्थानीय कलाकारों ने भी समां बांध दिया। जशपुर के कमलेश्वर सारथी, रेणुका निराला और आकांक्षा यादव की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। महिला समिति की ओर से प्रस्तुत आकर्षक धुवन नृत्य इस दिन का विशेष आकर्षण रहा, महीलाओ ने अपने दोनों हाथों में जलता हुआ धुवां पत्र लेकर बंगाल के प्रसिद्ध धुवां नाच किया जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिला।

ढोढ़ीबहार के किसानों को उन्नत सब्जी पौधों का वितरण



जशपुरनगर। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, पंडरीपानी-कुनकुरी के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम ढोढ़ीबहार में किसानों को उन्नत किस्मों के सब्जी पौधे वितरित किए। 16 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की खेती करने और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फरसाकानी स्थित अनुसंधान फार्म में तैयार बैंगन, टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी और मिर्च के पौधे किसानों को दिए गए। इन पौधों को महाविद्यालय के फार्म में श्रीमती अनुपमा ने तैयार किया था। कार्यक्रम में आरएडब्ल्यूई प्रभारी डॉ. विरेंद्र कुमार पैंकरा एवं डॉ.शंभू उपस्थित रहे। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने पौध वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई।

नवरात्रि की पावन बेला पर छाल में सजा गरबा का दरबार



छाल। शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के छाल में बीते कल 16 अक्टूबर को एक भव्य गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध और लोकप्रिय कलाकार दीक्षा जायसवाल ने अपनी विशेष उपस्थिति और प्रस्तुति से चार चांद लगा दिएए जिसमें शामिल होने के लिए छाल सहित आसपास के तमाम गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। नवरात्रि के इस पवित्र पर्व को लेकर ग्रामीणों में सुबह से ही विशेष उत्साह देखा जा रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की विधि.विधान से पूजा अर्चना और भव्य आरती के साथ हुईए जिसके बाद गरबा पंडाल माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। जैसे ही पारंपरिक गरबा और डांडिया की धुनें शुरू हुईं, पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान हो गया। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कलाकार दीक्षा जायसवाल के मंच पर पहुंचते ही उपस्थित जनसमूह का उत्साह दोगुना हो गया। नवरात्रि के भक्ति गीतों और पारंपरिक धुनों पर न सिर्फ युवा, बल्कि महिलाएं और बुजुर्ग भी थिरकते नजर आए। दीक्षा जायसवाल ने न केवल अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, बल्कि पंडाल में मौजूद ग्रामीणों के साथ गरबा खेलकर इस पावन पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया। उनके साथ नृत्य करने का अवसर पाकर स्थानीय लोग बेहद गदगद नजर आए। रंग बिरंगी रोशनी और पारंपरिक परिधानों में सजे इस गरबा महोत्सव में नवरात्रि की रौनक साफ झलक रही थी। देर रात तक चले इस आयोजन में छाल और ग्रामीण अंचल के लोगों ने माता की आराधना के साथ गरबा नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। इस भव्य आयोजन से पूरे क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व और अधिक उल्लासपूर्ण बन गया है।

---

24 साल बाद फिर लौटा तालाबों का दौर खेती को मिलेगा संजीवनी का सहारा



पुसौर। पुसौर तहसील में इन दिनों एक सुखद तस्वीर देखने को मिल रही है। खेती में सिंचाई के लिए जीवनदायिनी माने जाने वाले बड़े-बड़े टारों (बड़ा तालाब)का पुनरुद्धार तेजी से किया जा रहा है। प्रायः गांवों में यह कार्य पूरा हो चुका है, कहीं प्रस्तावित है तो कहीं आधा अधूरा पड़ा है। सूत्रों के अनुसार यह मुहिम पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। केवल टार ही नहीं बल्कि बहुप्रतीक्षित केलो नहर परियोजना के अधूरे कार्यों को पूरा करने और जमीन अधिग्रहण के शेष कार्य को भी गति दी जा रही है।

एक टार के निर्माण पर उसके रकबे के हिसाब से औसतन 1 करोड़ से 4 करोड़ रुपए तक की राशि खर्च हो रही है जो सरकार की मंशा को दर्शाती है। यह संयोग है या योजनाओं की पुनरावृत्ति यह बड़ा रोचक संयोग है। जब वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ और पहली सरकार बनी तब जल संसाधन मंत्री के रूप में डॉ. शक्राजीत नायक ने किसानों के हित में इसी तरह टारों के जीर्णोद्धार की बड़ी मुहिम चलाई थी। ठीक 24 साल बाद फिर प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के कार्यकाल में वहीं इतिहास दोहराया जा रहा है। स्थानीय चर्चा में एक सामाजिक पहलू भी सामने आता है। कहा जाता है कि कृषि प्रधान अघरिया समाज का खेती से पुराना नाता रहा है। अघरिया समाज के लोग खेती किसानी की बारीकियों और उसकी परेशानियों को बखूबी समझते हैं। डॉ. शक्राजीत नायक हों या ओपी चौधरी दोनों का इसी समाज से आना और टारों के पुनरुद्धार में विशेष रुचि लेना महज संयोग नहीं बल्कि जमीन से जुड़े अनुभव का परिणाम है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त

रायगढ़। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति एवं कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां की हैं। जिला मुख्यालय में 19 से 22 अक्टूबर तक होने वाले विसर्जन कार्यक्रमों के मद्देनजर विभिन्न तालाबों और केलो नदी मरीन ड्राइव पर कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान विसर्जन स्थलों पर भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार शिवकुमार डनसेना तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी को केलो नदी मरीन ड्राइव अतरमुड़ा तालाब में तैनात किया गया है। हरनंदन, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी रायगढ़ को विजयपुर तालाब की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शुभम कुमार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी रायगढ़ पतरापाली तालाब और पटेलपाली तालाब में व्यवस्था संभालेंगे। प्रतीक देवांगन, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी पुसौर को भूतबंधान तालाबए बैकुंठपुर में तैनात किया गया है।

किण्डर वैली प्ले स्कूल में नवरात्रि पर बच्चों के परिधान ने मोहा मन



रायगढ़। किण्डर वैली प्ले स्कूल में नवरात्रि का पावन पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। प्ले ग्रुप, नर्सरी, पीपी.1 और पीपी.2 के नन्हे विद्यार्थी रंग.बिरंगे पारंपरिक परिधानों में स्कूल पहुँचे। बालिकाएँ लाल.सफेद साड़ी में और बालक कुर्ता.धोती में नजर आए। कुछ बच्चे डांडिया ड्रेस में भी सजकर आए। कार्यक्रम में एक बालिका माँ दुर्गा के स्वरूप में मुकुट और त्रिशूल के साथ पहुँची और सबके आकर्षण का केंद्र रही। पूरे परिसर को नवरात्रि के अनुरूप सजाया गया था। गेंदे के फूलों की झालर, हरे पत्तों और सफेद पंखुड़ियों की सजावट के बीच माँ दुर्गा का चित्र और कलश स्थापित किया गया था। रंग.बिरंगी झंडियों और फूलों से सजी छतरी ने भी माहौल को उत्सवमय बना दिया। एक सजावटी कमल पर माँ दुर्गा के शक्ति, साहसए करुणा, भक्ति, ज्ञान और पवित्रता जैसे गुण दर्शाए गए थे, जिनसे बच्चों को परिचित कराया गया। बच्चों ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के महत्व को जाना और भक्ति गीतोंए गरबा तथा डांडिया नृत्य के माध्यम से सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। हाथों में डांडिया लिए नन्हे कलाकारों की जोड़ियों ने सबका मन मोह लिया। बच्चों को नवरात्रि की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर रीनू कोऑर्डिनेटर नम्रता चौहान, शिक्षिकाओं और समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के प्रति जागरूक करना था। आयोजन का समापन बच्चों के उत्साह और खुशियों के साथ हुआ।

जनता के करीब पहुंचेगा प्रशासन, 4 नवंबर से हर बुधवार घरघोड़ा में बैठेंगे कलेक्टर



रायगढ़। 4 नवंबर से प्रत्येक बुधवार घरघोड़ा में कलेक्टर का कैंप कोर्ट, जनदर्शन और विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इससे दूरस्थ अंचलों के नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की नियमित निगरानी को भी मजबूती मिलेगी। घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा क्षेत्र के कई गांव जिला मुख्यालय से लगभग 75 से 100 किलोमीटर दूर स्थित हैं। राजस्व मामलों की सुनवाईए अपील और शिकायतों के निराकरण के लिए नागरिकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने क्षेत्र में ही प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत कलेक्टर स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और संबंधित मामलों के निराकरण की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

जिले में 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को मिला योजना का लाभ

उज्ज्वला योजना से धुएं से मिली मुक्ति, बदला महिलाओं का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे से निकलने वाले धुएं से राहत मिल रही है। साथ ही खाना बनाने में लगने वाला समय भी कम हो रहा है, जिससे वे परिवार और बच्चों की बेहतर देखभाल कर पा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जिले के पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड की ग्राम पंचायत देवीडड़ गांव निवासी श्रीमती अंजू निराली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाभान्वित हुई हैं। गैस कनेक्शन मिलने से उनकी रसोई में बड़ा बदलाव आया है और अब वे बच्चों के लिए समय पर भोजन तैयार कर पा रही हैं।

लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मिली राहत

हितग्राही अंजू निराली तिर्की ने बताया कि पहले उन्हें लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना पड़ता था। चूल्हे से निकलने वाले धुएं के कारण आंखों में जलन होती थी और सांस लेने में भी परेशानी होती थी। खाना बनाने में अधिक समय लगता था, जिसके कारण बच्चों के लिए समय पर भोजन तैयार करना भी मुश्किल हो जाता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला है। गैस मिलने से अब चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिल गई है। मैं बच्चों के लिए समय पर खाना बनाकर उन्हें स्कूल भेज पाती हूं।



समय की बचत के साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार

गैस चूल्हे पर खाना बनाने से समय की बचत होती है। रसोई में धुआं कम होने से वातावरण स्वच्छ रहता है और चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानियों से भी राहत मिली है। अब वे घरेलू कामकाज को पहले की तुलना में आसानी से पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना केवल गैस कनेक्शन मिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने रसोई में सुविधा बढ़ाने, समय बचाने और परिवार की देखभाल के लिए अधिक समय उपलब्ध कराने में मदद की है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना और पारंपरिक चूल्हों से निकलने वाले धुएं के कारण होने वाली परेशानियों को कम करना है। योजना से लाभान्वित अंजू निराला ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

पम्प चोरी के आरोप में दो युवकों को जूते की माला पहनाकर पीटा, गांव में निकाली रैली

रामानुजनगर। पम्प चोरी के एक मामले में ग्रामीणों द्वारा दो आरोपियों को न सिर्फ जूते की माला पहनाकर मारपीट बल्कि गांव में घुमाया। इधर जलील करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रामानुजनगर थाना प्रभारी विराट विसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आमगांव निवासी बिगन सिंह ने सिंचाई के लिए नाले में पंप लगाया था, जिसे शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने पार कर दिया। पम्प मालिक द्वारा पतासाजी करने पर पता चला कि ग्राम कोट निवासी धनीराम और सुखलाल नामक व्यक्ति बोरा में भरकर पम्प लाए हैं। जानकारी मिलते ही पम्प मालिक और उसके सहयोगी कोट गांव पहुंचे और दोनों को बलपूर्वक पकड़कर आमगांव लेकर आ गए। आरोप है कि वहां पहले दोनों के कपड़े उतारे गए, फिर जूतों की माला बनाकर उन्हें पहनाया गया और गांव की सड़कों पर मारते-पीटते हुए रैली निकालकर अपमानित किया गया। इसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ तो रामानुजनगर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी।

लवाकेरा स्कूल से शिक्षकों के समायोजन पर विवाद, 15 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवाकेरा में शिक्षकों के समायोजन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इतिहास और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को दूसरे संस्थानों में समायोजित किए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत लवाकेरा के उपसरपंच जीडी बाजपेयी ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने तीन शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने की मांग करते हुए विभाग को 15 दिन का समय दिया है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उपसरपंच ने ज्ञापन में कहा है कि विद्यालय में इतिहास और अंग्रेजी विषय के शिक्षक पदस्थ थे, लेकिन उनका अन्य संस्थानों में समायोजन कर दिया गया। इससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। ऐसे में संबंधित शिक्षकों की मूल विद्यालय में वापसी जरूरी है।



तीन शिक्षकों को वापस भेजने की मांग

ज्ञापन में व्याख्याता प्रभा चौहान, जो वर्तमान में संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में पदस्थ हैं, व्याख्याता शिवकुमार चौहान , जो स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुनकुरी में पदस्थ हैं, और व्याख्याता सुमन कुमार तिर्की, जो संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में छात्रावास अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं, का उल्लेख किया गया है।

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

4

चकरदा में जलाशय होने के बावजूद पानी के लिए तरह रहे किसान



[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]



खबर संक्षेप



दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन

सरसीवा। नवरात्रि के पावन पर्व पर सरसीवा में दो दिवसीय गरबा आयोजन किया गया। माँ दुर्गा की आराधना और संस्कृति के रंग में रंगे इस दो दिवसीय आयोजन ने स्थानीय नागरिकों और महिलाएं बच्चे युवक युवतियो में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। गरबा महोत्सव के दौरान पूरा गरबा प्रांगण पारंपरिक दीपों की रोशनीए आकर्षक सजावट और भक्तिमय धुनों से जगमगा उठा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों विशेषकर महिलाएं युवाओं और युवतियों एवं बच्चों ने पारंपरिक चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा पहनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ढोल-ताशों की थाप और पारंपरिक गरबा गीतों पर थिरकते कदमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस दो दिवसीय गरबा महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारी प्राचीन संस्कृति को सहेजना और नई पीढ़ी को जोड़ना है।

जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव



रायगढ़। जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पन्नों की धरोहर एवं धरोहर का आयोजन 15 एवं 16 अक्टूबर को अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति, साहित्य, परंपराओं एवं संस्कारों की अमूल्य विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को एक आकर्षक मंच प्रदान किया। 15 अक्टूबर को कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने पन्नों की धरोहर विषय पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। लोटपोट, चंदा मामा, चम्पक, नंदन जैसी पुरानी बाल पुस्तकों के माध्यम से उस जमाने के पुराने किरदारों का जीवंत चित्रण किया गया। 16 अक्टूबर को धरोहर नाम से आयोजित कार्यक्रम में हजारों वर्ष पुरानी भारतीय सभ्यता, संस्कृति, विभिन्न पारंपरिक त्योहारों एवं लोक परम्पराओं को मंच के माध्यम से जीवंत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नयी पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना एवं दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताए संस्कृति से परिचित कराना एवं संजोकर रखना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ओपी जिंदल स्कूल के प्राचार्य एवं डीनए ष्जिंदल ग्रुप ऑफ स्कूल्स आरके त्रिवेदी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम एवं विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक लक्ष्य तय कर उसके पीछे समर्पित भाव से काम करते रहना चाहिए। निरुद्देश्य एवं लक्ष्य विहीन मस्तिष्क में विकृतियां अपना प्रभाव बना लेती हैं और व्यक्ति भटक जाता है। इसीलिए प्रत्येक छात्र अपनी प्रतिभा एवं क्षमता के अनुसार छोटा या बड़ा जो भी लक्ष्य निर्धारित करें एवं उसे प्राप्त करने के लिए अपने गुरुजनों एवं माता.पिता के मार्गदर्शन व सहयोग से मेहनत करें।

दो महीने सितंबर और अक्टूबर का उठाया राशन, हितग्राहियों को किया ही नहीं वितरण

दुकानदारों ने साढ़े 11 लाख का सरकारी राशन कर दिया गायब, ताकते रह गए हितग्राही

रास्ते में ही कर दिया गायब, दुकान में केवल 46 क्विंटल चावल और 19.88 क्विंटल नमक ही मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनबरसा के दुकान संचालकों ने रास्ते से ही साढ़े 11 लाख का सरकारी राशन गायब कर दिया है। यह हम नहीं बल्कि फूड विभाग का जांच कह रहा है। सरकारी राशन की गबन का मामला सामने आने के बाद दोनों दुकान संचालक धनराज साहू और गोवर्धन दास महंत के खिलाफ खरसिया थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। ऐसे में अब दोनों कों जेल जाना पड़ेगा। दोनों संचालकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 316(5) 3(5) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम पंचायत सोनबरसा में सरकारी राशन पर डाका डालने का यह मामला काफी पेचीदा है। कारण दोनों दुकान संचालकों ने तो दो महीने सितंबर और अक्टूबर का राशन उठा लिया, लेकिन ई-पॉस मशीन में उसे एंट्री ही नहीं की। दोनों महीने का कुल सरकारी चावल 297.58 और 20.8 क्विंटल नमक की कमी पाई गई है। इसकी कुल बाजार कीमत 11 लाख 50 हजार 649 रुपए वसूली करना पड़ेगा। इतनी बड़ी राशि की गड़बड़ी वो भी प्रशासन के नाक के नीचे तो बाकी दुकानों में भी ईमानदारी से राशन वितरण हो रहा होगा ऐसा संभावना तो नहीं है। खास बात यह है कि दो महीने का राशन हितग्राहियों को वितरण किया ही नहीं गया। इधर हिताग्राही राशन मिलने की राह ताकते रहे और उधर दोनों संचालकों ने बाजार में ही सेल कर दिया।

फूड विभाग ने खरसिया थाने में कराया एफआईआर दर्ज



चार महीने का डीडी भी नहीं किया जमा

ऐसा नहीं है कि दोनों संचालकों ने केवल राशन की हेराफेरी की है, चार महीने का सरकारी राशन का डीडी भी जमा नहीं किया है। इसमें जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर का डीडी कुल राशि 43 हजार 670 बाकी है। यहां शक्कर और चना हितग्राहियों को वितरण के लिए पहुंचा ही नहीं था। याने दोनों ही सामग्री नागरिक आपूर्ति निगम में नहीं है।

सरपंच-सचिव को आबंटन

ग्राम पंचायत सोनबरसा का सरकारी राशन दुकान ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के नाम पर एलॉट हुआ था। दोनों ने दुकान चलाने में असमर्थता जताई और बीते अक्टूबर 2024 में स्टॉप पेपर पर धनराज साहू और गोवर्धन दास महंत को संचालन की जिम्मेदारी दे दी। दोनों ने साल भर तक तो दुकान को अच्छे से चलाया, लेकिन बाद में गड़बड़ी करना चालू कर दिया। हालात यह है कि अब दोनों संचालकों को जेल की हवा खानी पड़ेगी।

दुकान की जांच की गई थी वहां साढ़े 11 लाख से अधिक की राशन सामग्री की हेराफेरी का मामला सामने आई है। दोनों के खिलाफ खरसिया थाने में एफआईआर कराई गई है।

चितरंजन सिंह
फूड ऑफिसर

पीडब्ल्यूडी के ईई को नोटिस, मांगा जवाब

रायगढ़। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने के मामले में लोक निर्माण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग की समीक्षा के बाद सारंगढ़ के कार्यपालन अभियंता प्यारे लाल पैंकरा सहित अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सभी अधिकारियों को 15 दिन के भीतर विभागीय सचिव के समक्ष लिखित स्पष्टीकरण पेश करने कहा गया है। विभागीय समीक्षा में अगस्त और सितंबर में सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर दर्ज शिकायतों के निराकरण में खामियां सामने आईं। आरोप है कि कुछ शिकायतों को बंद तो कर दिया गया, लेकिन समस्या के समाधान के लिए की गई कार्रवाई और निराकरण का पर्याप्त विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया। विभाग ने इस कार्यप्रणाली को कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की जा सकती है।

दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़। नाबालिग बालिका से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय युवक जीवन लाल यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में कई बार उसका शोषण करने का आरोप है।

अपराध दर्ज कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 16 अक्टूबर को पीड़िता की मां ने खरसिया चौकी में घटना की जानकारी दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरु की । प्रशिक्षु उप निरीक्षक प्रिया साहू ने पीड़िता का कथन लेकर रिपोर्ट दर्ज किया। पीड़िता के बयान के मुताबिक आरोपी उसके भाई का मित्र था और उसका घर आना-जाना था। आरोप है कि 14 जनवरी को जब बालिका घर में अकेली थी, तब आरोपी वहां पहुंचा और उसे पसंद करने की बात कहकर बहलाया। इसके बाद उसने बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता ने आरोपी पर बाद में भी कई बार शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। कुछ समय बाद पीड़िता की मां को संदेह हुआ। पूछताछ के दौरान बालिका ने परिजनों को कथित घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। जिसके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। इस मामले में चौकी खरसिया और थाना खरसिया में अपराध धारा 65,1, 332,इ तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना की गई।

आंदोलन जारी रखने का ऐलान

ग्रेड पे और वेतनमान की मांग को लेकर नर्सिंग अधिकारियों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नर्सिंग संवर्ग के ग्रेड पे और वेतनमान से संबंधित लंबित प्रस्ताव को लागू करने की मांग को लेकर शनिवार को नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन किया। रैली के जरिए नर्सिंग अधिकारियों ने शासन तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया और लंबे समय से लंबित मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में नर्सिंग अधिकारियों ने बाइक रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ग्रेड.पे और वेतनमान से जुड़ा प्रस्ताव लागू होने से नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों को लाभ मिल सकेगा। इसके बावजूद प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष है। इसी मुद्दे को लेकर एसोसिएशन लगातार अपनी मांग उठा रहा है। एसोसिएशन का कहना है कि नर्सिंग संवर्ग स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में कर्मचारियों के वेतनमान और ग्रेड.पे से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध निराकरण किया जाना चाहिए। बाइक रैली के माध्यम से शासन से मांग की गई कि लंबित प्रस्ताव पर जल्द निर्णय लेकर उसे लागू किया जाएए ताकि नर्सिंग अधिकारियों को उनका अपेक्षित लाभ मिल सके। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन की अध्यक्ष जागृता नंद और नर्सिंग स्टाफ संजू मिश्रा ने भी अपनी बात रखी। केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगाए बल्कि मांगों पर ठोस निर्णय लेकर उन्हें लागू किया जाना चाहिए। संगठन के मुताबिकए जब तक ग्रेड.पे और वेतनमान से संबंधित मांगों का निराकरण नहीं होताए तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।





जमीन विवाद में पड़ोसी ने वृद्ध पर चाकू से किया हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़े रेगड़ा में जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में एक पड़ोसी ने 77 वर्षीय मनधर यादव के गले पर धारदार चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चक्रधरनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नत्थूलाल अगरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

बीते 15 अक्टूबर को ग्राम बड़े रेगड़ा में नत्थूलाल अगरिया द्वारा मनधर यादव के गले पर चाकू से हमला करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घायल के पुत्र रामकुमार यादव 37 ने घटना की



रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार 15 अक्टूबर की शाम करीब 6-7 बजे मंधर यादव गांव के दुर्गा पंडाल में प्रसाद लेने गया था। इसी दौरान गांव के नत्थूलाल अगरिया ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर दिया। जिससे गला कट गया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109,1 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका और मंधर यादव का घर एक दूसरे से लगा हुआ है।

जमीन को लेकर उनके बीच अक्सर विवाद होता था। घटना वाले दिन भी इसी विवाद के चलते उसने कटहल काटने वाले धारदार चाकू से मंधर यादव के गले पर वार किया। पुलिस ने आरोपी नत्थूलाल अगरिया 57 साल की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू जब्त कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

जेल में 480 बंदियों ने सीखा योग, तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित अभ्यास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला जेल रायगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। 15 से 17 अक्टूबर तक चले इस शिविर में 431 पुरुष और 49 महिला बंदियों सहित कुल 480 बंदियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर में बंदियों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक राजेश कन्नौजिया तथा महिला योग प्रशिक्षक सत्या उपाध्याय और चुलेश्वरी साव ने बंदियों को योग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने सरल तरीके से विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही बताया कि नियमित योग से मानसिक तनाव कम करने, क्रोध पर नियंत्रण रखने



और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। महिला बंदियों के लिए विशेष योग सत्र भी आयोजित किए गए। इनमें उनके स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपयोगी योगासन सिखाए गए। तीनों दिनों तक बंदियों ने सुबह के सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के समापन अवसर पर जेल अधीक्षक जीएस शोरी ने बंदियों की सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने बंदियों को जेल में रहते हुए नियमित योग करने और रिहाई के बाद भी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में बेहतर बदलाव ला सकता है। शिविर का उद्देश्य भी बंदियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

अध्यक्ष और सचिव पद के लिए अब तक तीन-तीन उम्मीदवारों ने जमा किया नामांकन

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की गहमा-गहमी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में अधिवक्ता संघ चुनाव की गहमा-गहमी चालू हो गई है। नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के बाद सरगर्मी बढ़ने लगी है। अधिवक्ताओं ने अपना पैनल बनाना चालू कर दिया है। दूसरी ओर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक अब तक अध्यक्ष और सचिव पद के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म जमा किया है। वहीं 4 नवंबर को मतदान होगा और दूसरे दिन 5 नवंबर को काउंटिंग होगी। उपाध्यक्ष पद के लिए 2, उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला और ग्रंथालय सचिव पद के लिए 1-1 नामांकन जमा होने की जानकारी मिली है।

खास बात

- 4 नवंबर को होगा मतदान, दूसरे दिन 5 नवंबर को होगी काउंटिंग

सहायक निर्वाचन अधिकारी शिशिर वर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की प्रक्रिया 14 से 23 अक्टूबर तक चलेगी। अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र सिंह यादव, मनोज कुमार तिवारी और शतेन्द्र कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। सचिव पद के लिए कोमल प्रसाद साहू, संजय कुमार दास और मेदिनी प्रसाद मिश्रा ने पर्चा भरा है। उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार शर्मा और प्रवीर क्रांति राय ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला पद के लिए ज्योति किरण मार्को ने नामांकन भरा है।



अभी बाकी है समय

उप निर्वाचन अधिकारी शरद बेरीवाल के अनुसार, ग्रंथालय सचिव पद के लिए कौशल सिंह राजपूत ने नामांकन दाखिल किया है। सह सचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव और कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए अभी तक कोई नामांकन नहीं आया है। जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को स्कूटनी और 27 को सूची जारी होगी। उम्मीदवार 26 अक्टूबर को नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिदायत उल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में जाना विधि अध्ययन का महत्व

रायगढ़। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर एवं पीएमश्री सेजेस कोड़ातराई के लगभग 200 विद्यार्थियों ने नवा रायपुर स्थित हिदायत उल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के विविध विकल्पों, विधि अध्ययन की संभावनाओं तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना था। इस पहल से विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, नए



करियर विकल्पों को समझने तथा उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखता है। इससे वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उच्च शिक्षा के अवसरों और भविष्य में उपलब्ध करियर विकल्पों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को अपनी रुचि के क्षेत्रों की पहचान करने तथा भविष्य के लक्ष्यों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है।

खबर संक्षेप



दीपिका एएसपी पद पर पदोन्नत

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ पुलिस में पदोन्नति के क्रम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ में पदस्थ एसडीओपी दीपिका मिंज को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। 17 अक्टूबर को पदोन्नति के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल ने उनके कंधों पर रैंक बैज अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2015 बैच की डीएसपी दीपिका मिंज पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इससे पहले उन्होंने कोरबा, अंबिकापुर, चौथी बटालियन माना रायपुर और चिरमिरी में कार्य किया है। वर्तमान में वे बिलाईगढ़ में एसडीओपी के रूप में पदस्थ हैं। उनकी पदोन्नति से सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस परिवार में खुशी का माहौल है। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भाजपा के राज में गरीबों के हिस्से में परेशानीः शाखा

रायगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष शाखा यादव ने भाजपा सरकार पर गरीब, मध्यमवर्गीय और जरूरतमंद परिवारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की विकास के दावे संबंधी प्रचार और आम जनता की वास्तविक परिस्थितियों के बीच गहरी खाई दिखाई दे रही है। एक ओर भाजपा सरकार विकास कार्यों की तेज रफ्तार, विकास की बारिश,विकास कार्यों सौगातों की जुमलेबाजी से उपलब्धियों का प्रचार करने में लगातार जुटी हुई है, वहीं दूसरी ओर गरीब परिवार अपनी पेंशन, राशनकार्ड और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान हो रहे हैं। सरकार के कामकाज का आंकलन विज्ञापनों और भाषणों से किया गया प्रचार से नहीं, आम आदमी के जीवन में आए बदलाव से होना चाहिए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां भाजपा सरकार की विफलताओं को प्रदर्शित कर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

ओड़िशा रोड ओवर ब्रिज सड़क पर गड्ढों की भरमार



रायगढ़। रेंगालपाली से ओड़िशा रोड को जोड़ने वाला ओवर ब्रिज मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहा है। सड़कों पर जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है ओवर ब्रिज पर भारी वाहनों की आवागमन लगातार बनी रहती है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के साथ ही आगामी तीन अर्हता तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 01 अक्टूबर के लिए भी अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन 2 नवंबर तक किया जाएगा। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। दावा आपत्तियां दर्ज की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक दावा आपत्तियों का निराकरण 28 दिसम्बर तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा। मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 भरना होगा।

धान की फसल पर भारी संकट 25 दिनों से बारिश नहीं

चकरदा में जलाशय होने के बावजूद पानी के लिए तरह रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसींवा अंचल में बीते करीब महीने भर से क्षेत्र बारिश नहीं होने के कारण चकरदा के किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज धूप और गर्मी से खेतों की नमी दिनों दिन सूखने लगी है। जिसके कारण इस साल धान की फसल पर संकट मंडराने लगा है। जबकि सरसींवा तहसील से लगे ग्राम चकरदा में जलाशय होने के बावजूद किसान अपने खेतों की सिंचाई के लिए तरस रहे है। कारण सिंचाई विभाग द्वारा नहर निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई है जिसके कारण नहर आज मिट्टी से जाम पड़ा हुआ है। नहर जाम होने से किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे करीब 30 एकड़ धान की फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों के अनुसार नहर में मिट्टी जमा होने और चुहरी खार मार्ग पर बने पुल के नीचे पानी का प्रवाह बाधित होने से खेतों तक जलाशय का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। धान की बालियां निकलने के समय फसल को पर्याप्त पानी की जरूरत है, लेकिन बारिश नहीं होने और सिंचाई की व्यवस्था बाधित होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानो के एक समूह ने कलेक्टर मैडम पदमनी भोई साहू से मुलाकात कर अपना अपना दुखड़ा रो कर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ जबकी नहर की सफाई मरम्मत और पुल के नीचे जमा मिट्टी हटाने की मांग को लेकर किसान पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दे चुके हैं। इसके बावजूद किसानों का कहना है कि अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। एक ओर बारिश की बेरुखी और दूसरी ओर जलाशय का पानी तक किसान अपने खेतों तक नहीं पहुंचने से किसानों के सामने धान की फसल बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

खास बात

- नहर जाम होने से सिंचाई बाधित, कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन के बाद भी समाधान नहीं





बिन पानी सूखे खेतों में आने लगी दरार।

तालाब, डबरी नहीं कर पा रहे पूरी

किसानों ने प्रशासन से जल्द पानी की मांग की है। वही किसान तालाब, डबरी और अन्य जलस्रोतों से पानी की व्यवस्था कर फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे खेतों को पानी पूरी मात्रा में नहीं मिल रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहर की तत्काल सफाई और मरम्मत कराने साथ पुल के नीचे पानी का प्रवाह सुचारु करने तथा चकरदा जलाशय का पानी खेतों तक पहुंचाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

अनुपम झांकियों के साथ खरसिया में जगह-जगह विराजीं मां जगत जननी

खरसिया। नवरात्र के पावन पर्व पर खरसिया नगर को दुल्हन के जैसे सजाया जाता है, जगमग करती रंग बिरंगी लाईटे सबका मन मोह लेती है। नगर में जगह जगह दुर्गा पंडालों में माता रानी की आलौकिक छवि देखने को मिल रही है। दुर्गा पंडालों में मां के दरवार को बहुत ही मनोरम आकर्षक रूप से सजाया गया है।



शीतला नगर दुर्गा उत्सव समिति हमालपारा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहद खूबसूरत झांकियां बनाई गई है, जो कि हजारों की संख्या में भक्त प्रतिदिन यहां आ रहे है और यहाँ 38 वर्षो से प्रतिमा स्थापित की जा रही है।



नव दुर्गा उत्सव समिति कन्या भवन द्वारा बहुत खूबसूरत पांडाल बनाकर 27 वर्षो से माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।



जय भवानी दुर्गा उत्सव समिति महुवापली रोड द्वारा पिछले 25 से अधिक वर्षो से दुर्गा प्रतिमा स्थापित करते आ रहे है, भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया जाता है।



नगर की सबसे बड़ी प्रतिमा सिविल लाइन पोस्ट ऑफिस रोड में स्थापित की जाती है जिसकी देख रेख महिलाओं द्वारा की जाती है। भव्य प्रतिमा होने की वजह से भक्त देर तक माता रानी को निहारते रहते है।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति स्टेशन चौक द्वारा आज से 46 वर्ष पूर्व दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी । अब यह कार्य इनकी दूसरी पीढ़ी के लोग कर रहे है। पंडाल को हाथ मे बांधने वाला कलावा से सजाया गया है। यहां का भंडारा का प्रसाद पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। जिसे ग्रहण करने भक्त दूर-दूर से आते है।



श्री नव दुर्गा पूजा उत्सव समिति गंज बाजार द्वारा लगभग 45 वर्षो से प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा माता की सेवा करते आ रहे है, हर दिन गंज बाजार में मेले जैसा माहौल रहता है।

फोरलेन के नाम पर काट रहे छायादार हरियाली



पुसौर। कोडातराई से सूरजगढ़ तक सड़क चौड़ीकरण और पुसौर बस्ती में गौरव पथ निर्माण की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए सड़क किनारे लगे हरे भरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई है। तहसील कार्यालय पुसौर से तीन तराई तालाब तक करीब 4 किलोमीटर तक गौरव पथ बनाया जाना प्रस्तावित है। वहीं कोडातराई से सूरजगढ़ तक सड़क को चौड़ा कर डामरीकरण किया जाना है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार तहसील से तीन तराई तालाब तक यह सड़क फोरलेन होगी। बीच में डिवाइडर और दोनों ओर शोल्डर के साथ नाली का निर्माण होगा।

कुछ महीने पहले राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने पुसौर बस्ती में नाप जोख किया था। तभी से लोगों को पता चला कि सड़क कितनी चौड़ी होगी। इस नाप में कई लोगों के मकान का हिस्सा और रोजी रोटी की दुकानें अतिक्रमण की जद में आ रही हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि कोडातराई में कई दुकानें सीधे रोड पर ही बनी हुई हैं जो वर्षों से आवागमन में बाधा बन रही हैं। इसको लेकर कई बार शासन प्रशासन से शिकायत भी की गई पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में लोगों का सवाल है कि जब किनारे के अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा तो फिर पुसौर बस्ती के लोगों को ही क्यों हटाया जाएगा। कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सड़क किनारे के पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग को 10 लाख की राशि दी जा चुकी है और कटाई का काम शुरू हो चुका है। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले ही शासन की हरियाली योजना के तहत वन विभाग ने इसी सड़क किनारे पौधारोपण किया था जो आज बड़े वृक्ष बनकर राहगीरों को छाया दे रहे थे। अब विकास के नाम पर उन्हीं पेड़ों को वन विभाग को ही काटना पड़ रहा है।

छाल में देवी देवताओं के दिव्य स्वरूपों और नृत्य स्पर्धाओं ने मोहा मन



छाल। विजयदशमी महोत्सव समिति छाल के तत्वावधान में आयोजित देवी देवता प्रतिरूपण एवं एकल युगल नृत्य प्रतियोगिता में नन्हे कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, मनमोहक प्रस्तुतियों और आकर्षक वेशभूषा से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से ओतप्रोत इस आयोजन में बच्चों ने देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों को मंच पर साकार कर ऐसा अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया, मानो स्वयं देवी देवताओं का छाल की पावन धरा पर आगमन हो गया हो।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सजीव वेशभूषा, भावपूर्ण अभिव्यक्ति एवं उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी कलाए रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचि प्रदर्शित करने का अवसर मिला। वहीं, आयोजन ने धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का सार्थक संदेश भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यवसायी केदारनाथ देवांगन, जनपद सदस्य संत राम खूँटे, विजयदशमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष नीलांबर राठिया, उपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, महासचिव लालू सिंह ठाकुर, सचिव डॉ. अनुराग सिंह, मेला प्रभारी योगेश राठौर, सांस्कृतिक प्रभारी अशोक पाण्डेय एवं स्वागत प्रभारी भजन राठिया प्रदीप अग्रवाल, प्रकाश देवांगन, राजेश देवांगन एवं रामू श्रीवास सहित उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। उपस्थितजनों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ धार्मिक आस्था सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकजुटता को भी सुदृढ़ करते हैं।

एकल एवं युगल स्पर्धा के परिणाम

एकल एवं युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। देवी.देवता प्रतिरूपण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूपों का सजीव चित्रण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। विजेता प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। सभी प्रतिभागियों के उत्साह, लगन एवं कलात्मक कौशल की उपस्थितजनों ने प्रशंसा की।

वीर शहीदों का बलिदान भारत की आत्मा : संजय

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतिम दिन शासकीय लोचन प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित वीर गाथा और सैन्य सम्मान समारोह में देश के वीर अमर शहीदों, सेवानिवृत्त फौजी भाइयों और पुलिस जवानों को उनके उल्लेखनीय योगदानों के लिए श्रद्धांजलि और भावपूर्ण नमन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य आतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों पूर्व सैनिकों और राष्ट्र रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की अद्वितीय योगदान को याद कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने उद्बोधन से उपस्थित युवाओं मे राष्ट्र प्रेम की नई अलख जगाई। जिला पंचायत अध्यक्ष अमर शहीदों को नमन और सैन्य बलों का आभार जताते हुए कहा कि आज हम जिस आजाद और सुरक्षित वातावरण में सांस ले रहे है वह देश के उन वीर जवानों की बदौलत है जो माइनस डिग्री तापमान से लेकर तपती रेगिस्तान तक की सीमा पर मुस्तैद रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारी आज की शांति उन वीरों की कल की त्याग और बलिदान की नींव पर टिकी हैं। उन्होंने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के उन वीर माटी पुत्रों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित कियाएजिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। उनके परिवारों के परिजनों को भी नमन किया।



गरबा स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा करेगी मां दुर्गा वाहिनी

रायगढ़। नवरात्रि और दशहरा उत्सव के दौरान दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रायगढ़ पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। महिला पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में दो पेट्रोलिंग टीमें गठित की गई हैं जिन्हें मां दुर्गा वाहिनी नाम दिया गया है। ये टीमें शहर के प्रमुख दुर्गा पंडालों, गरबा स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगी।

इन टीमों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी शामिल हैं। दोनों टीमें दोपहिया वाहनों से पेट्रोलिंग करेंगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। टीमों की जिम्मेदारी महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के साथ.साथ असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना भी होगा। पेट्रोलिंग टीम की कमान उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर और सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे को सौंपी गई है। पुलिस ने महिलाओं और श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी तरह की छेड़छाड़, सुरक्षा संबंधी परेशानी या संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे सकते हैं।



कई स्थानों पर उखड़ने लगी डामर की परत

देवगांव से बोईरडीह चौक तक सड़क जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

देवगांव से बोईरडीह चौक तक जाने वाली सड़क की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं। वहीं कई स्थानों पर डामर की परत उखड़ने लगी है। सड़क के किनारे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से सड़क की स्थिति का निरीक्षण कराते हुए जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई, तो इसकी स्थिति और अधिक खराब हो सकती है, जिससे आने वाले समय में आवागमन को लेकर परेशानी बढ़ने की आशंका है।

सड़कों पर दरारें

देवगांव से बोईरडीह चौक तक जाने वाली सड़क की स्थिति को देखने से इसकी बदहाली का अंदाजा लगाया जा सकता है। सड़क की डामर की सतह कई स्थानों पर टूट चुकी है। कहीं लंबी दरारें नजर आ रही हैं तो कहीं सड़क की ऊपरी परत उखड़ने से सतह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क के किनारों पर भी टूट फूट दिखाई दे रही है। सड़क पर इस तरह की स्थिति लंबे समय तक बनी रहने से क्षतिग्रस्त हिस्सों के और फैलने की आशंका बनी रहती है।

सड़क की स्थिति वाकई में बहुत खराब हो चुकी है। यह पीएमजीएसवाय की सड़क है। सड़क खराब होने की सूचना हेल्पलाइन नंबर पर दी गई थी, जिस पर विभाग ने बताया कि सड़क अभी मेंटेनेंस अवधि में नहीं है। इसकी मरम्मत के लिए नया टेंडर निकालकर काम करना पड़ेगा।

तपस्विनी ईजारदार
सरपंच, ग्राम पंचायत देवगांव



